‘SAHAY’ योजना

चर्चा में क्यों?

- 15 दिसंबर, 2021 को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खेल और खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कोल्हान की धरा से ‘SAHAY’ **(Sports Action Towards Harnessing Aspiration of Youths)** योजना का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- इस योजना का संचालन खेल विभाग द्वारा किया जाएगा। योजना का उद्देश्य खेल के माध्यम से नक्सल प्रभावित क्षेत्र के युवाओं के हुनर को एक पहचान देकर सकारात्मक जीवन की ओर प्रेरित करना है।
- योजना के ज़रिये प्रथम चरण में नक्सल प्रभावित चाईबासा, सरायकेला-खरसावां, खूंटी, गुमला एवं सिमडेगा ज़िले के 14 से 19 वर्ष के 72 हज़ार युवक-युवतियों को खेल के क्षेत्र में अपना हुनर दिखाने का अवसर मिलेगा।
- पंचायत, वार्ड, प्रखंड एवं ज़िला स्तर तक खेल में प्रतिभाशाली युवाओं को हॉकी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स समेत अन्य खेलों में अपना हुनर दिखाने का अवसर मिलेगा।
- योजना के तहत आयोजित प्रतियोगिताओं में ज़िला एवं राज्यस्तर पर विजेताओं और उप-विजेताओं को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित भी किया जाएगा।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में खेल की नर्सरी स्थापित की जाएंगी, ताकि झारखंड की खनिज के अतिरिक्त भी पहचान स्थापित हो सके। हर स्तर पर खेल का आयोजन किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sahay-scheme